# स्मार्ट सिटी लिमिटेड की समीक्षा बैठक संपन्न

## भूमिगत जल व जलस्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए सभी नालों को सीवरेज नेटवर्क में जोड़ने की योजना बनाएं : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. भारत सरकार के स्मार्ट सिटीज मिशन अंतर्गत सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहरी विकास के पूर्ण एवं प्रगतिरत परियोजनाकार्यों की कलेक्टर सह अध्यक्ष स्मार्ट सिटी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित बैठक में समीक्षा की.**



उन्होने निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री सहित सभी इंजीनियर्स अधिकारी कर्मचारियो की उपस्थिति में स्मार्ट सिटी कार्यालय के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया और यहां ट्रेफिक पुलिस व पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिक निगम एवं राजस्व विभाग आदि विभिन्न विभागों से जुड़ी सेवाओं की मॉनीटरिंग व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली. उन्होंने शहरी स्वच्छता से जुड़ी महत्पूर्ण सेवा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों की आईसीसीसी से जोड़कर की जा रही जीपीएस ट्रेकिंग व्यवस्था को परखा. उन्होंने नगर निगम की अनुबंधित ऐजेंसी रैमकी के मॉनीटरिंग साफ्टवेयर सहित वाहनों के फील्ड में पहुंचने और वापस स्टॉप पाइंट पर पहुंचने के समय की रिपोर्ट रिकार्ड आदि देखा। उन्होंने कचरा वाहनों का निर्धारित समय पर संबंधित गली मुहल्ले में पहुंच कर कचरा संग्रहण कार्य और निर्धारित समय से न पहुंचने पर उनकी निगरानी कर रूट पर वाहन को दुरूस्त कराने की सूचना व्यवस्था आदि की विस्तार से जानकारी ली. उन्होंने सभी उपस्थित कर्मचारियों को बेहतर गुणवत्ता के साथ समय से सभी कार्य करने के निर्देश दिए.

> कलेक्टर श्रीमती पाल ने स्मार्ट सिटी सभाकक्ष में बैठक के दौरान विभिन्न परियोजनाकार्यों की बिंदूवार समीक्षा करते हुए कहा की लाखा बंजारा झील कायाकल्प कार्य की सभी जगह सराहना की जाती है. वर्षों से इस ऐतिहासिक झील की सफाई एवं सौंदर्यीकरण के अपूर्ण प्रयास किए जा रहे थे जिसे स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत सागर स्मार्ट सिटी द्वारा परियोजना में लेकर पूर्ण किया गया है .उन्होंने झील में एकत्र होने वाले जल के मूलस्रोत की जानकारी लेते हुए कहा की झील में कनेरादेव फीडर कैनाल से बहकर आने वाला वर्षाजल व बारिश का पानी एकत्र होता है और गर्मी के मौसम में वाष्पीकरण के बाद भी जलस्तर इतना बना हुआ है तो यह जलस्रोत सुरक्षा व जल संरक्षण की दिशा में सागर का उत्कृष्ठ उदाहरण बनकर शहर के लिए अच्छा है . उन्होने कहा कि झील के आसपास सभी नाले बारिश के मौसम के अलावा सूखे रहें यह प्रयास करें . इससे शहर के भूमिगत जल या जलस्रोतों में बहकर या रिसाव से गंदा प्रदूषित पानी नहीं मिलेगा और हमारे जलस्रोत जलीयजीवन व पर्यावरण सुरक्षित रहेगा . उक्त सभी नालों को सीवरेज नेटवर्क में जोड़ने की योजना बनायें और सागर को जीरो लिक्विड वेस्ट सिटी बनाने का प्रयास करें . सागर में प्रदूषित जल उपचार हेतु उन्नत तकनीकि वाले प्लांट नगर पालिक निगम व स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित हैं, जल उपचार प्रक्रिया का उपयोग करें .

# रेलवे अंडर ब्रिज में ऊपर से गिर रहा गंदा पानी

## ब्रिज के ऊपर से गंदा पानी गिरने से लोगों में भारी असंतोष, दी आंदोलन की चेतावनी


नवभारत न्यूज

**बीना 31 मई.** शहर के सागर गेट अंडर ब्रिज के ऊपर गंदगी व्याप्त होने से पूरे शहर का गंदा पानी लोगों के ऊपर गिरने से लोगों में काफी असंतोष व्याप्त है एवं रेलवे ट्रैक पर भी गंदा पानी जा रहा है जिससे कोई बड़ी अनहोनी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है.




कांग्रेस सेवादल शहर अध्यक्ष प्रमोद राय ने बताया कि लगभग एक हफ्ते से अंडर ब्रिज के ऊपर से गंदा पानी टपक रहा है और रेल प्रशासन कुंभकरणीय नींद सो रहा है. उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं कराई गई तो आम जनमानस का सहयोग लेकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे. चेतन धाम निवासी सुदर्शन जैन ने बताया कि सुबह से नहा धोकर निकलने पर गंदगी का सामना करना पड़ता है जिससे पूरे दिन मन में गिलानी से महसूस होती है अगर ओवर ब्रिज से जाते हैं तो लगभग 3 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है. गांधी वार्ड निवासी शिवकुमार अहिरवार ने बताया कि गंदा पानी काफी समय से टपक रहा है किंतु रेल प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा उन्हें शीघ्र व्यवस्था करवानी चाहिए. जन्नू लाल राय निवासी सिंधी कॉलोनी ने बताया कि यह समस्या जब से अंडर ब्रिज बना है तभी से इसमें खामी रही समय पर सफाई व्यवस्था नहीं होती है जिसके चलते गंदा पानी ऊपर से टपकता रहता है. अशोक सेन ने कहा कि अंडर ब्रिज के ऊपर से गंदा पानी गिरने से लोग सुपरमार्केट और बड़ी बजरिया आने से कतराते हैं क्योंकि सुपरमार्केट आने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ेगी और अंडरवियर से निकलने पर गंदे पानी का सामना करना पड़ता है रेलवे प्रशासन को चाहिए शीघ्र इसका निराकरण करें.

# अहमदाबाद में चयनित हुए आकाश




नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत को प्रतिष्ठित एवं नंबर वन प्रबंधन संस्था अहमदाबाद में अध्ययन एवं संवाद हेतु अवसर प्राप्त हुआ है.**

देशभर से चयनित लगभग 50 शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभाशाली युवाओं के साथ आगामी चार दिनों तक द्धद्धरू अहमदाबाद में आयोजित इस विशेष शैक्षणिक एवं संवादात्मक कार्यक्रम में श्री राजपूत सहभागिता करेंगे. इस दौरान प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक विकास, युवा सशक्तिकरण, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों के साथ चर्चा की जायेगी.

# जल संरक्षण का संदेश

**सागर.** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर द्वारा लाखा बंजारा झील परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया. अभियान में एनसीसी की गर्ल्स एवं बॉयज़ कैडेट्स सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने झील के किनारे पहुंचकर सफाई करते हुए स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश दिया. एनसीसी 11 एमपी एवं 7 एमपी गर्ल्स यूनिट ने संजय ड्राइव स्थित तालाब में सफाई की गई. एनसीसी कैडेट प्रियांशी पांडे कैडेट रितिक यादव नन्ही बाई लोधी उपस्थित थीं.

# पुण्यतिथि पर हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. प्रथम प्रधानमंत्री स्व.पं.जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर कैन्ट व युवा कांग्रेस नरयावली के तत्वाधान मेंपूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी के मुख्य आतिथ्य में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**



पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी आधुनिक भारत के शिल्पकार थे ।उन्होंने देश को लोकतंत्र,शिक्षा,विज्ञान और विकास की मजबूत नींव दी, उनके नेतृत्व और दूरदर्शी सोच ने देश को नई दिशा देने का काम किया और हमेशा देश की एकता,अखंडता और सामाजिक सौहार्द को सर्वोच्च प्राथमिकता दी. पुष्पांजलि कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर कैंट अध्यक्ष रवि उमाहिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, विजय साहू, निखिल चौकसे, संदीप चौधरी, युवा कांग्रेस नरयावली के अध्यक्ष रोहित वर्मा आदि ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.नेहरू के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए.

# यात्री बसों में चेकिंग कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर द्वारा 02 यात्री बस जो कि 15 वर्ष से अधिक पुरानी होने के कारण यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त वाहन का पंजीयन निरस्त किया गया है एवं उक्त यात्री बस को स्क्रेप करने का आदेश जारी किया है.**

साथ ही प्रभारी अधिकारी, संभागीय सुरक्षा जांच दल, संभाग सागर द्वारा शहरी क्षेत्र, बहेरिया तिराहा एवं आरटीओ कार्यालय के समीप यात्री बसों की जांच विशेष अभियान चलाया जाकर उक्त कार्यवाही स्लीपर कोच यात्री बसों में एआईएस-119 के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित सुरक्षा संबंधी उपायों की जांच की गई. जांच के दौरान 48 यात्री बसों को चैक किया गया, जिनमें से 06 यात्री बसों में मुख्यत: यह कमी पाई गई कि उनमें किराया सूची चस्पा नहीं थी, अग्निशमन यंत्र पर वैधता दिनांक नहीं थी, एमरजेंसी गेट आसानी से नहीं खुल रहे थे, चालक-परिचालक गणवेश में नहीं थे, आदि कमियां पाये जाने पर चालानी कार्यवाही करते हुए रू. 10500/- शमन शुल्क वसूल किया गया.

# किसानों को दी कृषि तकनीकों की जानकारी

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. विकासखंड देवरी के ग्राम गोपालपुरा, नारायणपुरा एवं पड़रई बुजुर्ग सहित आसपास के ग्रामों में कृषि विभाग द्वारा कृषिरथ के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया.**



कार्यक्रम में किसानों को ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली, प्राकृतिक खेती, मृदा नमूना परीक्षण तथा आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों संबंधी जानकारी दी गई. कार्यक्रम के दौरान किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया. साथ ही खरीफ सीजन हेतु उन्नत बीजों के चयन, बीज उपचार, खेत की तैयारी एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई. विशेषज्ञों ने किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान करते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र देवरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए.के. त्रिपाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कमल खर्ते, कृषि विस्तार अधिकारी सुनील कांत खटीक मौजूद थे.

# पारा 45 के पार पहुंच गया

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. बुंदेलखण्ड के संभागीय मुख्यालय सागर नगर मे मई माह के अंत मे अधिकतम तापमान एक बार फिर 45 डिसे पर पहुंच गया.**

ऐसा पहली बार है कि मई माह में दिन का अधिकतम तापमान चालीस के पार ही रहा है तो वही मई माह मे ही दूसरी बार पारा ने 45 को पार किया हो. सुबह से ही तापमान के तीखे तेवर नजर आ गए थे और दोपहर होते तो पारा ने एक बार फिर अधिकतम ऊंचाईयो को छू लिया है. मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 45 डिसे रहा है जो कि सामान्य से तीन अधिक है तो वही रात का न्यूनतम तापमान भी 30.4 डिसे पर पहुंच गया था जो कि सामान्य से तीन अधिक है. सुबह शाम की आद्रता का प्रतिशत 32 और 21 है. हालाकि सायंकाल पल भर के लिए अचानक आसमान मे बादल साफ होने के बावजूद भी बूंदाबादी होने लगी. इसी माह 19 तारीख को भी इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु मे पहली बार ही अधिकतम तापमान 45.2 पर पहुंच गया था. आमजनो ने भी गर्मी से बचाव के चलते घरो पर रहना मुनासिब समझा.

# परिवहन में तेजी लाने-भौतिक सत्यापन के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. रबी खरीदी का कार्य संपन्न हो चुका है. जिसके तुरंत बाद कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बैठक लेकर उपार्जन, परिवहन और भुगतान संबंधी विस्तृत समीक्षा की. बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर अनाज के उठाव और रिकॉर्ड के मिलान को लेकर निर्देश दिए.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने उपार्जन केंद्रों पर ईपीओएस, खरीदी गई मात्रा और उसकी स्वीकृति की समीक्षा की, खरीदी गई मात्रा के विरुद्ध परिवहन में गति लाने के निर्देश दिए. उपार्जन पूर्ण होने के बाद अब पूरा जोर परिवहन पर है. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परिवहन व्यवस्था को गति देते हुए अनाज का उठाव सुनिश्चित किया जाए, जिन उपार्जन केंद्रों पर अभी भी परिवहन का कार्य शेष रह गया है, वहां की स्थिति जानने के लिए कलेक्टर ने एडीएम को निर्देशित किया है कि एक टीम को स्पॉट वेरिफिकेशन करने भेजें.

> बैठक में यह बात सामने आई कि कुछ केंद्रों पर खरीदी का कार्य पूर्ण हो गया है, लेकिन वहां परिवहन होना अभी शेष है. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई करें और शेष परिवहन को तत्काल क्लियर करवाएं. समीक्षा के दौरान ऐसी समिति / केंद्र जहां उठाव और परिवहन में अत्यधिक अंतर है वहां अधिकारियों को मौके पर जाकर कार्रवाई करने तथा शीघ्र परिवहन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर ने अधिकारियों से स्पष्ट रूप से पूछा कि इन समितियों में काम धीमा होने का क्या कारण है? उन्होंने समिति का तत्काल भौतिक सत्यापन करने और उसकी विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि उपार्जन का कार्य पूर्ण होने के बाद अब किसानों के अनाज को सुरक्षित गोदामों तक पहुंचाना और उनकी राशि का समय पर भुगतान कराना प्रशासन की प्राथमिकता है.

# सामाजिक कार्यों की जानकारी दी



नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. सागर प्रवास पर पहुंचे महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री केशव सिंह भदौरिया से क्षत्रिय महासभा जिला सागर के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ संरक्षक पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह के नेतृत्व में भेंट कर स्वागत किया.**

सर्किट हाउस में पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह के नेतृत्व में क्षत्रिय महासभा जिला सागर के प्रतिनिधिमण्डल ने महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री केशव सिंह भदौरिया से हुई भेंट में उन्हें संगठन द्वारा किए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी. प्रतिनिधि मंडल में क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ सदस्यों में बलवंतसिंह कर्रापुर, बार एसोसिएशन सागर के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गंभीरिया, एड.वीनू शमशेर जंगबहादुर राणा, बार एसोसिएशन सचिव वीरेन्द्र सिंह राजपूत ,राहुल सिंह महुआ खेड़ा, क्षत्रिय महासभा महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, गोविंद सिंह सहावन, अभिषेक सिंह गौर,आनंद सोलंकी , शैलेन्द्र सिंह कर्रापुर, राघवेन्द्र सिंह भापेल, कृष्णकांत सिंह गोरा, सचिन सिंह राजपूत, एड हाकम सिंह गोरा, पुष्पेंद्र सिंह सहावन मौजूद थे.

# समस्याओं के निराकरण के संबंध में बैठक 3 को

**सागर.** जिले में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने तथा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बीना की भूमि एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए 3 जून को बैठक आयोजित की जाएगी. बैठक पूर्वाह्न 11 बजे भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बीना के प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित की जाएगी. बैठक में बीपीसीएल, बीना की भूमि एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी. जिले में विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्रों में जल एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की जाएगी. औद्योगिक क्षेत्र मसवासी प्लांट में 220/132 केवी विद्युत लाइन की उपलब्धता एवं जल आपूर्ति के विकल्पों पर विशेष चर्चा की जाएगी.

# खेती में नवाचार और ऑयल मिल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने क्षेत्र में कृषि नवाचारों, आधुनिक सिंचाई पद्धतियों और दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों का सघन भ्रमण कर जमीनी प्रगति का जायजा लिया.**



इस दौरान उन्होंने उद्यानिकी विभाग द्वारा पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत सागर जिले के केसली जनपद पंचायज के ग्राम नयानगर के कृषक जितेंद्र जैन द्वारा स्थापित सरसों व मूंगफली तेल यूनिट का निरीक्षण किया. इस इकाई की स्थापना के लिए विभाग द्वारा कृषक को 22 लाख 70 हजार रुपये का बैंक लोन और 7 लाख 94 हजार 500 रुपये का अनुदान प्रदाय किया गया है. कमिश्नर ने कृषक द्वारा की जा रही उन्नत मल्टीलेयर फार्मिंग का भी अवलोकन किया, जिसमें अदरक, मूंग, लौकी और पपीता की फसलें एक साथ ली जा रही हैं और नमी संरक्षण के लिए मूंगफली के छिलके का उपयोग जैविक मल्च के रूप में किया जा रहा है. भ्रमण के दौरान विकासखंड के एक अन्य कृषक संतोष जैन ने भी अपनी खेती के संबंध में जानकारी साझा की, जो ग्रीष्मकालीन मूंग और मूंगफली के साथ-साथ अश्वगंधा, चिया सीड और हल्दी जैसी औषधीय व नकदी फसलों का सफल उत्पादन कर रहे हैं. संभाग आयुक्त श्री सुचारी ने पूर्व में ही विभागीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से निर्देश दिए थे कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं प्रकृति के संरक्षण के उद्देश्य से जीवामृत, घनामृत उपयोग एवं आगामी सीजन में नींबू, मुनगा, स्टीविया, हल्दी की खेती करने की योजना के बारे में कृषकों को बतायें और प्रोत्साहित करें. निरीक्षण के दौरान कृषकों ने जैविक रूप से बना रहे गुड की जानकारी भी दी और बताया कि बेल से बेल शरबत और अन्य उत्पाद की बाजार में मांग के आधार पर उत्पाद तैयार कर भोपाल, जबलपुर, नागपुर, दिल्ली अन्य शहरों और महानगरों के बाजारों में भेजा जा रहा है.

# सारस्वत व्याख्यान का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, के संस्कृत विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्त्वावधान में मासिक सारस्वत व्याख्यानमाला के अंतर्गत पञ्चम व्याख्यान का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुआ.**

इस व्याख्यान का विषय अशोक के अभिलेख : ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य रहा. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू के तुलनात्मक धर्म एवं सभ्यता केंद्र विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. विकास सिंह थे. अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने की. व्याख्यान में डॉ. विकास सिंह ने अभिलेखों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय पक्षों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि मुख्यत: दो शास्त्र- पुरालिपि तथा अभिलेखशास्त्र प्राचीन इतिहास के अध्ययन के आधार स्तंभ हैं, अभिलेख इतिहास को समझने का एक महत्त्वपूर्ण साधन हैं. उन्होंने बताया कि वर्ष 1835 में जेम्स प्रिंसेप ने पहली बार ब्राह्मी लिपि को पढ़ने में सफलता प्राप्त की तत्पश्चात् खरोष्ठी लिपि का भी अध्ययन हुआ. उन्होंने बताया कि श्रीलंका के महावंश ग्रंथ में देवानांप्रिय प्रियदर्शी को सम्राट अशोक के रूप में चिह्नित किया गया.

डॉ. सिंह ने बताया कि अशोक के अभिलेखों में यज्ञों के नाम पर जीवों की हत्या रोकने, नैतिक जीवन अपनाने तथा लोककल्याण की भावना को विशेष महत्त्व दिया गया है. उन्होंने बताया कि पालि, यूनानी, ब्राह्मी एवं खरोष्ठी लिपियों का भी विवेचन किया तथा भगवान बुद्ध से संबंधित ललितविस्तर ग्रंथ का संक्षिप्त प्रतिपादन प्रस्तुत किया.

# युवती की मां को जान से मारने की धमकी

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 31 मई. कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ छेडखानी और विरोध करने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है.**

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुख्य आरोपी अजय उर्फ बिटई समेत उसके परिजनों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के पास खेत में शौच के लिए गई थी. इसी दौरान गांव का ही रहने वाला अजय उर्फ बिटई पुत्र ओमकार कुशवाहा वहां पहुंच गया और उसने गलत नीयत से युवती को पकड़ लिया. पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेडख़ानी की. खींचतान में युवती के कपड़े भी फट गए.

पीड़िता के शोर मचाने पर उसकी मां सविता मौके पर पहुंच गईं, जिन्हें आता देख आरोपी मौके से भाग निकला. घटना के बाद जब पीड़िता की मां शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचीं तो वहां मौजूद परिजनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी. आरोप है कि आरोपियों ने मां-बहन की गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और हमला करने पर आमादा हो गए. किसी तरह पीड़िता की मां वहां से जान बचाकर निकलीं.

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अजय काफी समय से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था, लेकिन लोकलाज और बदनामी के डर से परिवार अब तक चुप था.

कोतवाली पुलिस ने मामले में आरोपी अजय उर्फ बिटई और उसके परिजनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 74, 76, 78, 351(3) और 352 के तहत एफआईआर दर्ज की है.

# रेलवे स्टेशन पर चोरी की वारदात

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 31 मई. जनपद में रेलवे यात्रियों और स्टेशन परिसर में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. जीआरपी थाना ललितपुर में अलग-अलग मामलों में तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें ट्रेन से सोने के जेवर व नकदी चोरी होने, रेलवे स्टेशन से लैपटॉप बैग पार होने और स्टेशन परिसर से बाइक चोरी होने की घटनाएं शामिल हैं.**

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पहला मामला दिल्ली निवासी गुरप्रीत सिंह से जुड़ा है. उन्होंने जीआरपी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नी इंदर कौर के साथ ट्रेन संख्या 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस से दिल्ली से चेन्नई यात्रा कर रहे थे. यात्रा के दौरान उनकी पत्नी का पर्स सीट के पास रखा हुआ था. जब नींद खुली तो पर्स खुला मिला और उसमें रखे सोने के कड़े, सोने की चेन, डायमंड टॉप्स समेत करीब 10 हजार रुपये नकद गायब थे. चोरी गए जेवरों की कीमत लाखों रुपये बताई गई है. घटना बिजरौठ स्टेशन के पास ट्रेन के एच-01 कोच में हुई.दूसरा मामला महाराष्ट्र के धुले निवासी मनोज कुमार जैन का है.

# आयोग अध्यक्ष ने किया स्थलों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मई. महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड आयोग के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया सागर पहुंचे, जहां उन्होंने क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधियों एवं समाजजनों के साथ शहर में महाराणा प्रताप की प्रस्तावित मूर्ति स्थापना स्थलों का निरीक्षण किया.**



इस दौरान क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नीरज सिंह नया खेड़ा सहित समाजजन मौजूद रहे. निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल स्टेडियम के सामने प्रस्तावित स्थल पर पहुंचा, जहां अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया ने नगर निगम आयुक्त से दूरभाष पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि राष्ट्र गौरव, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा जल्द स्थापित की जाए, ताकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उसका लोकार्पण एवं अनावरण किया जा सके. इस अवसर पर केशव सिंह भदौरिया ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल क्षत्रिय समाज ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं.उनका शौर्य, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सागर शहर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित होने से युवाओं को इतिहास से जुड़ने और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा मिलेगी.